



# गांवों-शहरों के चहुंमुखी विकास के लिए काम कर रही है सरकार : हेमंत

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 14 फरवरी. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के प्रयासों से मुख्यमंत्री विशेष विधि से स्वीकृत 3 करोड़ 59 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत हुए 24 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन 14 फरवरी को श्री खंडेलवाल ने केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके के साथ किया।**

**दो दर्जन ग्रामों में 3 .59 करोड़ के कार्यो की सौगात**

**भाजपा प्रदेशध्यक्ष, केन्द्रीय मंत्री ने किया भूमिपूजन**

बैतूल विधानसभा क्षेत्र के बारहवीं ,खंडारा एवं खेड़ी सांवलीगढ़ ग्रामों में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि 1947 में देश आजाद हुआ था, तब से यदि विकास होता तो हम दुनिया में अव्वल होते ।जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो विकास ने रफ्तार पकड़ी अब हर क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मध्य प्रदेश सरकार द्वारा गांव और शहरों के चहुंमुखी विकास के के साथ ही जन-जन की समृद्धि के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सतत काम किया जा रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बैतूल विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि बैतूल विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम में वहां के निवासियों की आवश्यकताओं के मुताबिक हर मूलभूत सुविधा उपलब्ध



करवाई जा रही है ,जिससे रहवासियों का जीवन आसान बन सके ।हमारा प्रयास प्रत्येक ग्राम को आदर्श ग्राम बनाना है।

**सामाजिक समरसता के साथ बढ़ेगी रोजगार गतिविधियां:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक गतिविधियों, धार्मिक- सांस्कृतिक आयोजनों के लिए पर्याप्त स्थान नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता था इसलिए चरणबद्ध तरीके से बैतूल विधानसभा की प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं बड़े ग्राम में सर्व सुविधायुक्त सामुदायिक भवनों का निर्माण करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवनों के निर्माण होने से सामाजिक, धार्मिक ,सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन सुलभ होगा । स्व सहायता समूह की महिलाओं सहित युवाओं, ग्रामीणों द्वारा ग्राम सभाओं, बैठकों प्रशिक्षण का आयोजन भी किया जा सकेगा ।सामुदायिक भवनों के निर्माण से गांव-गांव में सामाजिक समरसता के साथ के साथ ही रोजगार गतिविधियां भी बढ़ेगी।

**जनप्रतिनिधियों-सरकारों के कार्यों का विश्लेषण करे जनता :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ,बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि जनता को वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों और सरकारों के कार्यों का विश्लेषण व तुलना करना चाहिए। जिससे यह पता चलेगा कि किसी जनप्रतिनिधि और सरकार द्वारा जनता की समस्याओं, आवश्यकताओं को संवेदनशीलता से समझकर जमीनी स्तर तक विकास व समृद्धि के लिए कार्य किया है। जो जनप्रतिनिधि एवं सरकार निष्ठा एवं ईमानदारी से जनहित के कार्य कर रहे हैं जनता को उनकी सराहना भी करनी चाहिए। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार ,जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, बैतूल जनपद उपाध्यक्ष कृष्णा लोखंडे, बैतूलबाजार नगर परिषद उपाध्यक्ष सुरेश गायकवाड ,किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेश्वर सिंह चंदेल, मंडल अध्यक्ष सुनील पवार, नीतू पटेल, नितिन बारस्कर, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच, उप सरपंच, पंच ,पार्टी पदाधिकारी- कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### विकास के क्षेत्र में हो रहा काम : डीडी उइके

बैतूल विधानसभा क्षेत्र के खंडारा ग्राम में निर्माण कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 11 वर्षों में विकास सहित हर क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है ।पूर्व सांसद स्वर्गीय विजय कुमार खंडेलवाल का जिक्र करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री श्री उइके ने कहा कि बाबूजी ने बैतूल जिले में विकास की नई इबारत लिखी थी। अब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल बैतूल विधानसभा ही नहीं बल्कि समूचे बैतूल जिले के विकास के लिए जुटे हुए हैं ।उन्होंने कहा कि केंद्र और मध्यप्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जमीनी स्तर तक क्रियान्वयन होने से आज शहरों से लेकर गांव-गांव तक समग्र विकास

### 3 करोड़ की लागत से बनेंगे 20 सामुदायिक भवन

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने शनिवार को बैतूल विधानसभा क्षेत्र के बारहवीं , खंडारा, खेड़ी सांवलीगढ़ ग्रामों में मुख्यमंत्री विशेष निधि से 3 करोड़ 59 लख रुपए की लागत से स्वीकृत 24 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। जिसमें 3 करोड़ 8 लाख रुपए की लागत से बारहवीं, सोहागपुर, सेलगांव , नाहिया, बघोली गोरखार, दीवान चारसी, नीमझिरी ,कन्नड़गांव, भैंसदेही, खेड़ली, लाखापुर, बघवाड़ ,बडोरा, पीपला, गोनीघाट, मंडई खुर्द, लापाझिरी, महदगांव, जामठी ग्रामों में सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवनों का निर्माण किया जाएगा ।साथ ही सोहागपुर में सपना नहर के पास 16 लाख रुपए की लागत से ब्रिज, खंडारा में 15 लाख रुपए की लागत से मोक्षधाम घाट, खेड़ी सावलीगढ़ में चिंतामन बाबा के पास 10 लाख रुपए से शेड ,घाट तथा कुम्हली ग्राम के हाट बाजार में 10 लाख रुपए की लागत से सीसी पुलिया और चौपाल का निर्माण होगा।

## एक नजर में

### सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

**मुलताई।** विधायक चंद्रशेखर देशमुख द्वारा प्रभात पट्टन ब्लॉक के ग्राम शिव धाम सालबर्डी में प्रतिवर्ष लगने वाले मेले का पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया कि विकासखंड प्रभात पट्टन अंतर्गत शिव धाम सालबर्डी में प्रतिवर्ष लगने वाले मेले का पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। साथ ही विधायक चंद्रशेखर देशमुख द्वारा ग्राम सालबर्डी में मुख्यमंत्री विशेष निधि से लगभग 24 लाख की लागत से स्वीकृत हुए सामुदायिक भवन का भूमि पूजन एवं सीमेंट सड़क का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर विधायक चंद्रशेखर देशमुख, प्रभात पत्तल जनपद पंचायत अध्यक्ष सोनाली विनोद पटेल, प्रभात पट्टन मंडल महामंत्री रमेश उइके, पिंटू सोलंकी, लखन नरवर, सागर ठाकुर, हरीश, सरपंच गुलाब इवने सहित भाजपा पदाधिकारी एवं ग्रामीण जन मौजूद थे।

### कोसमी में श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**बैतूल।** औद्योगिक क्षेत्र कोसमी स्थित एमपी विनीइयर्स प्राइवेट लिमिटेड में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में श्रमिकों ने पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। स्वास्थ्य टीम द्वारा श्रमिकों का वजन, ब्लड प्रेशर एवं रक्त जांच सहित सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के दौरान जिन श्रमिकों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पाई गई, उन्हें आवश्यक औषधि प्रदान की गई तथा आगे के उपचार के संबंध में परामर्श दिया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों ने श्रमिकों को प्रिवेंटिव हेल्थकेयर, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने के महत्व की जानकारी दी।

### 3, 479 विद्यार्थियों ने दी 10 वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षा

**बैतूल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा-2026 के तहत शनिवार को जिले में कक्षा 10वीं और 12वीं का एनएसबीएफ समग्र विषयों का प्रश्नपत्र शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 55 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिनमें कुल 3 हजार 538 परीक्षार्थी दर्ज थे। इनमें से 3 हजार 479 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 59 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

## सारनी महाविद्यालय में तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन

**बैतूल।** वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री सरदार विष्णु सिंह उईके शासकीय महाविद्यालय सारनी बगडोना में राष्ट्रीय टास्क फोर्स एनएफटी मानसिक स्वास्थ्य एवं विद्यार्थी कल्याण के अन्तर्गत तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य प्रदीप पंद्राम एवं एनटीएफ नोडल अधिकारी डॉ. दीपक कुमार मानकर के संरक्षण में किया गया। इस कार्यशाला में श्री प्रदीप पंद्राम ने कहा कि प्राय: सभी व्यक्तियों के जीवन में कुछ न कुछ तनाव होता है। सम्मान की चाह सभी में होती है। किसी का ज्यादा, तो किसी का कम सम्मान होना भी तनाव कारण है। तनाव व्यक्ति के भीतर नही,



बल्कि बाहरी परिस्थितियों के टकराव से उत्पन्न होता है। मनुष्य के भीतर तनाव बाहरी आवरण से आता है। इसे कम करने के लिए हमें नकारात्मक से सकारात्मक की ओर अधिक से अधिक मोड़ने की कोशिश कर तनाव को काफी हद तक कम कर सकते हैं। साथ ही आपने समस्त विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ को यह तनाव प्रबंधन कार्यशाला के माध्यम से तनाव से बचने के लिए प्रेरित किया। इसके अन्तर्गत मैं अकेला नहीं हूँ विषय पर विद्यार्थियों द्वारा समूह चर्चा भी की गई। छात्र भूपेन्द्र यादव ने कहा कि तनाव का कारण व्यक्ति खुद स्वयं है। व्यक्ति दूसरे के योग्यता को देखकर स्वयं की योग्यता का कम आकलन करता है, जो आगे चलकर तनाव का कारण बनता है। डॉ. गोलमन आहके ने कार्यक्रम का संचालन कर आभार व्यक्त किया तथा कहा कि विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद करियर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ हरीश लोखंडे एवं डॉ राजेश कुमार हनोते, मनोज नागले, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ दशरु यदुवंशी, उत्तम साहू, दिनकर लिखितकर, श्रीमती अर्चना महाले, श्रेया परमार, पीयूष पवार आदि उपस्थित रहे।

## तीन स्थानों पर लगी आग, फायर टीम ने बुझाई

**मुलताई। गर्मी की आहट के साथ आगजनी की घटनाए भी बढ़ने लगती है। शनिवार की नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में तीन स्थानो पर आग लगने की सूचना पर मुलताई नगर पालिका की फायर ब्रिगेड नें मौके पर पहुंचकर आग बुझाई।**

बताया जाता है नगर में पारेगांव रोड पर किसान बुधराव सूर्यवंशी के खेत में अज्ञात कारणों से आग लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड सहित टीम मौके पर पहुंची आग पर काबू पाया। वही आगजनी की दूसरी घटना हरनाखेडी के सहदेव बोरबन के खेत में हुई, यहां पर आग लगने से गेंहू की फसल



और पशु चारा जल गया। नगरपालिका की फायर टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर आग बुझाई ।जबकि तीसरी घटना ग्राम हेटीखापा की है। ग्राम में किसान पुष्पेंद्र तोमर के खेत में अज्ञात कारणों से आग लग गई सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची और बडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से खेत में खडी गेंहू की फसल और खलियान में रखा पशु चारा जलकर राख हो गया। आग बुझाने में फायर कर्मचारी राकेश बारंगे, विजय बडघरे, गिरिश पिपले की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## परामर्शदात्री समिति की बैठक में शामिल हुआ अजाक्स संघ

**बैतूल। जिला मुख्यालय पर आयोजित परामर्शदात्री समिति की बैठक में अजाक्स संघ के पदाधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई।**

बैठक के दौरान विभिन्न प्रशासनिक और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई। इसी अवसर पर अजाक्स संघ के प्रतिनिधिमंडल ने नवागत सीसीएफ मधु व्ही राज से सौजन्य भेंट कर उनका स्वागत किया तथा आगामी कार्यों को लेकर सकारात्मक संवाद किया। सौजन्य भेंट के दौरान संगठन की ओर से संभागीय अध्यक्ष अनिल कापसे ने विभागीय समन्वय और कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। अजाक्स जिला अध्यक्ष दशरथ धुर्वे ने संगठन की गतिविधियों और अपेक्षाओं से अवगत कराया।

बैतूल ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश उपराले ने स्थानीय स्तर की समस्याओं को प्रमुखता से रखा, वहीं बैतूल तहसील अध्यक्ष कल्पना परते ने भी अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों ने नवागत सीसीएफ को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए सहयोग का आश्वासन दिया।

## शिवम सेवा समिति का विशाल भंडारा शुरू

**बैतूल।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में शिवम सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कमानी गेट के पास न्यू बैतूल स्कूल ग्राउंड में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भगवान शिव की विधिवत पूजा-अर्चना, महाआरती के साथ प्रसादी वितरण का कार्य प्रारंभ हुआ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल की उपस्थिति में भंडारे का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गा दास उइके, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत गर्ग, जिला पंचायत उपाध्यक्ष



हंसराज धुर्वे, जिला भाजपा महामंत्री डॉ. महेंद्र सिंह चौहान, नगरपालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, उपाध्यक्ष महेश राठौर, कोठीबाजार भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम वैद्य, गंज भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा, पूर्व नपा अध्यक्ष आनंद प्रजापति, मनीष मिसर, सुनील पवार, कुणाल शर्मा, डॉ. नितिन देशमुख, डॉ. अरुण जयसिंगपूरे, मंगू सोनी, गुड्डू देशमुख सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति रही। अपने संबोधन में हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि शिवम सेवा समिति पिछले 16 वर्षों से भोपाली जाने वाले शिव भक्तों की सेवा का जो कार्य कर रही है, वह पुण्य का कार्य है।

## 750 किमी का सफर कर बारहलिंग पहुंची मां ताप्ती परिक्रमा पदयात्रा

**बैतूल।** 30 दिनों में लगभग 750 किलोमीटर का सफर तय करते हुए मां ताप्ती के भक्तों की 19वें वर्ष की तापी परिक्रमा यात्रा मंगलवार रात बारहलिंग पहुंची। ताप्ती किनारे स्थित बारहलिंग को मुलताई से सूरत तक का सबसे सुंदर और रमणीक स्थल माना जाता है। यहां पहुंचकर बड़ी संख्या में नए यात्रियों ने दर्शन किए और एक ही शिला पर देश के पूरे 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर भाव-विहोर हो गए। बारहलिंग महान ताप्ती भक्ति और संत मौनी बाबा जी की कर्मस्थली है। मौनी बाबा जी वर्षों से यहां निवास कर मां ताप्ती के प्रति लोगों में आस्था और भाव जागृत कर रहे हैं। वर्तमान में महाशिवरात्रि के अवसर पर यहां सात दिवसीय यज्ञ का आयोजन चल रहा है। शनिवार को दोपहर 2 बजे से हवन-पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। स्थल पर मौनी बाबा सहित अनेक शिव भक्तों का मेला लगा हुआ है। सेवा में जुटे मौनी बाबा के भक्तों ने आमजन से अपील की है कि बारहलिंग पहुंचकर शिव पूजन करें, 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करें और मां ताप्ती के पावन तट की महिमा का अनुभव करें।

## नि :शुल्क चिकित्सा शिविर में लोगों ने लिया लाभ

**बैतूल।** वन विद्यालय बैतूल में 14 फरवरी शनिवार को आयुष विभाग द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन कार्यालय संचालक वन विद्यालय बैतूल के आग्रह पर किया गया। शिविर संचालक वन विद्यालय बैतूल लक्ष्मीकांत वासनिक, अनुदेशक वन विद्यालय अमित खन्ना और सहायक अनुदेशक वन विद्यालय केएस बघेल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिला आयुष अधिकारी डॉ योगेश चौकीकर ने बताया कि वन विद्यालय बैतूल में नोडल अधिकारी डॉ लक्ष्मी किशनानी द्वारा आयुष विभाग की



संचालित योजनाओं एवं सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय में संचालित गुदा मार्गगत रोग चिकित्सा शिविर, पंचकर्म शिविर, गर्भ संस्कार, स्वर्ण प्राशन, आयुष क्योर एप तथा प्रतिदिन योगाभ्यास के संबंध में जानकारी प्रदान की। शिविर में डॉ नरेंद्र डढोरे, डॉक्टर पूनम नागले, डॉक्टर हेमराज इवने, डॉ अर्चना आसरेकर, डॉ शिवदयाल कुमरे सहित कुल 15 कर्मचारियों ने सेवाएं दीं। चिकित्सकों ने रोग अनुसार नि:शुल्क औषधियों का वितरण किया तथा योग शिक्षक सहायक ने दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करने हेतु सरल योग क्रियाएं और अभ्यास कराए। शिविर में आयुर्वेद औषधि के 156 और होम्योपैथिक औषधि के 45 लाभार्थियों सहित कुल 201 लोगों ने उपचार एवं दवाओं का लाभ प्राप्त किया।

## उद्यमिता जागरुकता कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने दिए व्याख्यान

**बैतूल। उद्योग, व्यवसाय की स्थापना के पूर्व उद्यमियों का वित्तीय साक्षर होना भी बहुत जरूरी है। इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट के वर्तमान युग में छोटी-छोटी सावधानियां आपको बडी हानियों से बचा सकती हैं।**

**उद्यमियों का वित्तीय साक्षर होना जरूरी**

**खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े उद्योगों की दी जानकारी**

बैतूल में आयोजित एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम में फाइनेंसियल



लिटरेसी एक्शन फॉर सोशल एडवांटेज की ब्लॉक कोऑर्डिनेटर भारती धोटे ने उत्ताशय के विचार व्यक्त किए। विकास आयुक्त का कार्यालय, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम का आयोजन उद्यमिता विकास केंद्र मध्यप्रदेश (सेडमैप) के द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को वित्तीय साक्षरता के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराते हुए बताया कि लेन-देन के दौरान कौन-कौन सी सावधानी रखना जरूरी है। कार्यक्रम में 55 से अधिक प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पोषण-आहार विशेषज्ञ डॉ. प्रीतिबाला राठौर ने प्रतिभागियों को खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र से जुडे विभिन्न लाभकारी उद्यम-व्यवसाय प्रारंभ करने के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का प्रभाव यह रहा कि एक प्रतिभागी ने अपना फूड आउटलेट प्रारंभ करने की इच्छा जाहिर की। शासन की विभिन्न ऋण अनुदान योजनाओं की जानकारी दी गई।

**बैठक** आमला विधानसभा के चारों नवनियुक्त अध्यक्षों के साथ की रणनीतिक बैठक

## जमीनी स्तर पर संगठन मजबूत करना पहली प्राथमिकता : निलय डागा

**बैतूल। आमला विधानसभा क्षेत्र में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती देने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निलय डागा ने चारों नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण और रणनीतिक बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की।**

बैठक में हाल ही में नियुक्त जिला संगठन महासचिव बृजभूषण पांडे ने विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए संगठन विस्तार की ठोस रूपरेखा रखी। बैठक में आमला ब्लॉक अध्यक्ष विजेंद्र भावसार, सारनी ब्लॉक अध्यक्ष बटेश्वर भारती, बोरदेही ब्लॉक अध्यक्ष महेश यादव और सारनी ग्रामीण ब्लॉक



अध्यक्ष ललित यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष निलय डागा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करना ही पहली प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक ब्लॉक में पंचायत कमेटियों का गठन शीघ्र किया जाए और उसके साथ ही हर वार्ड में सक्रिय वार्ड कमेटियां बनाई जाएं, ताकि संगठन की पकड़ बूथ स्तर तक सुनिश्चित हो सके। निलय डागा ने कहा कि जब तक संगठन की जड़ें गांव और वार्ड तक नहीं पहुंचेंगी, तब तक जनता की आवाज प्रभावी ढंग से नहीं उठाई जा सकती। उन्होंने चारों ब्लॉक अध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय कार्यकर्ताओं की पहचान कर उन्हें जिम्मेदारियां सौंपने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा कि प्रत्येक स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित कर रिपोर्ट जिला कार्यालय को भेजी जाए। जिला संगठन महासचिव बृजभूषण पांडे ने बैठक में विस्तृत कार्ययोजना रखते हुए बताया कि आने वाले समय में सदस्यता अभियान, बूथ सशक्तिकरण और जनसमस्याओं के संकलन पर विशेष जोर रहेगा। उन्होंने कहा कि पंचायत और वार्ड कमेटियों के गठन के बाद एक संरचित नेटवर्क तैयार होगा, जिसके माध्यम से आमजन की समस्याएं सीधे जिला स्तर तक पहुंचेंगी और आवश्यकता पड़ने पर आंदोलनात्मक कार्यक्रम भी तय किए जाएंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आमला विधानसभा क्षेत्र के चारों ब्लॉकों में अलग-अलग चरणों में संगठनात्मक समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी। हर ब्लॉक अध्यक्ष को समयबद्ध लक्ष्य दिए गए हैं और कार्य की प्रगति की निगरानी की जाएगी। रणनीतिक बैठक का स्वर और संदेश साफ था कि कांग्रेस अब आमला विधानसभा क्षेत्र में संगठनात्मक ढांचे को नीचे से ऊपर तक व्यवस्थित कर नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ना चाहती है। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने और जनता के मुद्दों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया।

## आज महाशिवरात्रि पर सजेंगे द्वादश ज्योतिर्लिंगम

**बैतूल।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आज 15 फरवरी को आध्यात्मिक संस्थान ब्रह्माकुमारीज द्वारा बैतूल नगर में भव्य एवं आकर्षक द्वादश ज्योतिर्लिंगम दर्शन शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह आध्यात्मिक यात्रा दोपहर 12 बजे भाग्यविधाता भवन से प्रारंभ होकर बडोरा, गेंदा चौक, सदर, मानस नगर, टिकारी, कोठी बाजार थाना, दादा धूनी वाले, खंजनपुर, हमलापुर चौक, वन विद्यालय, टेलीफोन कॉलोनी, भग्गु ढाना, गंज सिविल लाइन, एमआईजी कॉलोनी, कन्या विद्यालय,गेंदा चौक एवं बडोरा होते हुए पुन: भाग्यविधाता भवन पहुंचकर संपन्न होगी। यात्रा के दौरान नगर में शिवमय वातावरण का संचार होगा। ब्रह्माकुमारीज बैतूल



सेवाकेंद्र प्रभारी बी के मंजू दीदी ने बताया कि इस शोभायात्रा का उद्देश्य परमात्मा शिव के भारत में दिव्य अवतरण का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक जागृति का संदेश देने वाला आध्यात्मिक उत्सव है। द्वादश ज्योतिर्लिंगम की मनमोहक झांकियों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंग स्वरूपों के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा। शोभायात्रा में शिवज्योतिर्लिंग रथ के अलावा आकर्षक झांकियों एवं शिवसंदेश के माध्यम से संपूर्ण नगर को शिवमय बनाने का प्रयास किया जाएगा।

**ब्रह्माकुमारीज मना रहा है नवदशकोत्सव :** ब्रह्माकुमारीज इस शिवरात्रि पर्व को नवदशकोत्सव के रूप में मना रहा है। विदित हो की ब्रह्माकुमारी संस्थान की स्थापना स्वयं निराकार परमपिता परमात्मा शिव ने साकार मध्यम प्रजापिता ब्रह्मा के द्वारा सन 1936 में की और विगत 90 वर्षों से यह आध्यात्मिक संस्थान अपनी सेवाएं संपूर्ण विश्व को दे रहा है।